

7

न्यायालय श्रीमान् राजस्व मण्डल ग्वालियर भोपाल,कैम्प (म.प्र.)

PBR/निगरानी/रायसेन/भू.रा/2017/6362

प्र.कं........../2017

मनोज मीणा आत्मज स्व.
श्री बृजलाल मीणा आयु
लगभग 34 वर्ष निवासी
ग्राम मुण्डला तहसील गोहरगंज
जिला रायसेन (म.प्र.) -- पुनरीक्षणकर्ता

विरूद्ध

1. म.प्र.शासन द्वारा जिलाधीश महोदय
   जिला रायसेन (म.प्र.)

2. सर्व साधारण -- अनावेदकगण

पुनरीक्षण ज्ञापन

पुनरीक्षण अंतर्गत धारा 50 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959

अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय तहसील गोहरगंज जिला रायसेन द्वारा प्रकरण क्रमांक-7/अपील/17-18 आदेश दिनांक 19.12.2017 से क्षुब्ध होकर पुनरीक्षणकर्ता द्वारा यह पुनरीक्षण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है।

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक PBR/निगरानी / रायसेन / भू.रा. / 2017 / 6362

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
2–1–2018	आवेदक के विद्वान अभिभाषक द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्को पर विचार किया गया । अनुविभगीय अधिकारी के आदेश दिनांक 19–12–17 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आवेदक की ओर से स्थगन हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र इस निष्कर्ष के साथ निरस्त किया गया है कि तहसील न्यायालय द्वारा अपने आदेश में प्रश्नाधीन भूमि एक वर्ष उपरान्त शासकीय भूमि घोषित किये जाने की कार्यवाही का उल्लेख किया गया है । अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निकाले गये उपरोक्त निष्कर्ष के परिप्रेक्ष्य में यह निगरानी प्रथम दृष्टया आधारहीन होने से अग्राह्य की जाती है । (मनोज गोयल) अध्यक्ष	